प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 06.09.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सात नए बस अड्डों समेत परिवहन संबंधी कई योजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास : कहा– परिवहन और नगर विकास विभाग के तालमेल से हो सकता है 3 लाख नौकरियों का सृजन।
2. उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा पहले दिन 48 जिलों में शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न : सुरक्षा के व्यापक इंतजाम के बीच कल भी आयोजित होगी परीक्षा।
3. राज्य के विभिन्न जिलों में 10 दिनों तक चलने वाले गणेश उत्सव के अंतिम दिन मूर्ति विसर्जन का क्रम जारी।

और

4. प्रदेश में गंगा, यमुना, रामगंगा, घाघरा और शारदा नदियां खतरे के निशान से ऊपर : मथुरा, आगरा, उन्नाव सहित 27 जिले बाढ़ की चपेट में।

—————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में परिवहन संबंधी कई योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। श्री योगी ने डेढ़ लाख जन सेवा केन्द्रों के माध्यम से परिवहन सेवाएं उपलब्ध कराने की शुरूआत भी की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग

राज्य के पब्लिक ट्रांसपोर्ट का सबस बड़ा माध्यम है और उसे विकसित भारत की परिकल्पना का सारथी बनना होगा। जनसेवा केन्द्रों का जिक्र करते हुए श्री योगी ने कहा कि इनके माध्यम से आम नागरिकों को 45 से अधिक परिवहन सुविधाएं मिलेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि परिवहन और नगर विकास विभाग, व्यवहारिक और बेहतर तालमेल से राज्य में तीन लाख लोगों के लिये रोजगार सृजन का माध्यम बन सकते हैं। बाइट.....

*नेट जीरो एमिशन का कार्बन उत्सर्जन को न्यूनतम करना है। इलेक्ट्रिक व्हीकल उसका एक बेहतर माध्यम है। परिवहन विभाग भी नगर विकास विभाग भी इस दिशा में कार्य कर सकता है। मेरा मानना है अकेले परिवहन विभाग और नगर विकास विभाग थोड़ा भी प्रयास कर ले। अकेले उत्तर प्रदेश में तीन लाख नई नौकरी सृजित करवा सकते हैं। आप लोग तीन लाख नई नौकरी केवल बसे खरीद करके गाँव गाँव की कनेक्टिविटी को शहर शहर की कनेक्टिविटी को बेहतर करके पब्लिक ट्रांसपोर्ट की बेहतरीन सुविधा भी दे सकते हैं। कितने नौजवान आ जाएंगे कितने लोगों के हाथों को कार्य मिलेगा स्वयं का कार्य होगा एक प्रतिस्पर्धा आगे बढ़ेगी लोगों को सुविधा मिलेगी।*

इस दौरान मुख्यमंत्री ने सरल परिवहन हेल्पलाइन 149 का शुभारम्भ किया और 8 डबल डेकर इलेक्ट्रिस बस और 10 सीनएनजी बसों सहित 400 नई बसों को हरी झंडी दिखाई। मुख्यमंत्री ने पीपीपी मोड पर विकसित किये जाने वाले 7 बस स्टेशनों का शिलान्यास भी किया। पीपीपी मॉडल पर बनाये जाने वाले बस स्टेशनों में प्रयागराज में जीरो रोड और सिविल लाइंस, गाजियाबाद ओल्ड, अलीगढ़

में रसूलाबाद, लखनऊ में चारबाग व विभूतिखंड गोमतीनगर और अयोध्या धाम शामिल हैं।

—————————

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की प्रारंभिक अर्हता परीक्षा–पीईटी–2025 आज पहले दिन प्रदेश के 48 जिलों के चौदह सौ उन्यासी परीक्षा केन्द्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गई। यह परीक्षा कल भी दो पालियों मे आयोजित की जायेगी। परीक्षा की शुचिता के लिये सभी केन्द्रों पर स्टटिक और सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती के साथ–साथ सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये हैं।

चयन आयोग ने दिव्यांग और महिला अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए उन्हें उनके जिले में ही परीक्षा केन्द्र आवंटित किए हैं। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए रेलवे प्रशासन की तरफ से कुछ स्पेशल ट्रेने चलाई जा रही हैं। जबकि परिवहन निगम ने ग्यारह हजार बसों के संचालन की व्यवस्था बनाई है।

—————————

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि जीएसटी सुधारों के जरिये मध्यम वर्गीय परिवारों को बडी राहत मिली है। श्री वैष्णव ने आज नई दिल्ली में कहा कि जीएसटी सुधारों से देश के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग

20 लाख करोड़ रुपये का इजाफा होने की उम्मीद है, जिससे देश की अर्थव्यवस्था को काफी बढ़ावा मिलेगा।

————————

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने जीएसटी सुधारों की घोषणा की सराहना करते हुए कहा है कि सरकार ने यह कदम आम नागरिकों के हितों का ध्यान में रखते हुए उठाया है। आज कानपुर में मीडिया से बातचीत करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि इन रियायतों से लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। बाइट.....

*ये बहुत बड़ा कदम है और आम आदमी के लिए और मध्यम वर्ग को दी जाने वाली बहुत बड़ी रियायत सरकार ने दी है और हमारे जीवन में काम आने वाली जो भी वस्तुएं है, चीजें हैं, सामान हैं उनमें एक भारी गिरावट हम लोगों को मिलेगी। माननीय प्रधानमंत्री जी ने दीपावली से पहले ये बहुत बड़ा तोहफा देशवासियों को दिया है। मैं माननीय प्रधानमंत्री जी का बहुतबहुत अभिनंदन किया।*

————————

सरकार के हाल ही में वस्तु और सेवा कर सुधारों के बाद आगामी 22 सितंबर से उपभोक्ताओं के दैनिक उपयोग की कई वस्तुओं की कीमतें कम हो जाएंगी। जीएसटी परिषद ने अप्रत्यक्ष–कर प्रणाली को सरल बनाकर इसे 5 और 18 प्रतिशत के स्लैब में परिवर्तित कर दिया है। इन बदलावों से दवाओं, दूध, कारों, साबुन और आईपीएल टिकटों के सस्ते होने की उम्मीद है। आज हम डेयरी

उत्पादों के लिए किए गए सुधारों पर नज़र डालते हैं। एक रिपोर्ट....

*जीएसटी परिषद में कई डेयरी उत्पादों को करो से छूट देने का फैसला किया है। पनीर छेना और अल्ट्रा हाई टेंपरेचर दूध जैसी वस्तुएं अब कर मुक्त हैं। इन पर अभी तक पांच प्रतिशत जीएसटी लगता था इसके अलावा मक्खन घी और पनीर जैसे डेरी उत्पादों पर अब गस्त घटकर 5ः किया गया है जो पहले 12 प्रतिशत था। गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन संघ के प्रबंध निदेशक जयन मेहता ने फैसले की सराहना की है। उन्होंने इसे उत्पादकों और उपभोक्ताओं के लिए राहत की बड़ी खबर बताया। दूध और दूध के प्रोडक्ट्स में जीएसटी में काफी कटौती की है। यह देश के उत्पादक और कंज्यूमर्स के लिए बड़ी अच्छी खबर है क्योंकि वाजिब दाम होने से उसकी कंजप्शन में बढ़ती होगी और उसकी वजह से हमारे उत्पादको एक मार्केट और एक बहुत विशाल मार्केट लगातार मिलता रहेगा। इस सुधार से अपनी आजीविका के लिए दुधारू पशुओं पर निर्भर रहने वाले 8 करोड़ से अधिक ग्रामीण किसान परिवारों*

*को सीधा लाभ प्राप्त होगा। दृष्टि की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से आनंद पाठक।*

————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————

राज्य सरकार के नगर विकास विभाग ने आवारा कुत्तों के प्रबंधन और सुरक्षित फीडिंग व्यवस्था के लिये नगर निगम, नगर पालिकाओं को नई गाइड लाइंस जारी की है। दिशा निर्देशों के मुताबिक सभी वार्ड और क्षेत्रों में कुत्तों की संख्या के आधार पर फीडिंग जोन बनाये जायेंगे। इन जोन को बच्चों के खेल स्थलों और ज्यादा आवाजाही वाले स्थानों से दूर रखा जायेगा। कुत्तों को सिर्फ निर्धारित स्थानों पर ही भोजन दिया जायेगा। इसके अलावा पशु प्रेमियों को कुत्तों की नसबंदी और रैबीज टीकाकरण कार्यक्रम में सहयोग के लिये प्रोत्साहित किया जायेगा।

———————

प्रदेश के विभिन्न जिलों में 10 दिनों तक चलने वाला गणेश उत्सव आज मूर्ति विसर्जन के साथ संपन्न हो रहा है। जगह–जगह मूर्ति विसर्जन का क्रम जारी है। लखनऊ नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में गणेश चतुर्थी की धूम रही। एक रिपोर्ट.....

*गणेश चतुर्थी के दिन से शुरू हुआ गणेश उत्सव 10 दिन पूरे करके आज अनंत चतुर्दशी पर समाप्त हो रहा है। मूर्ति विसर्जन का क्रम जारी है। जगह–जगह विसर्जन स्थलों पर स्थानीय प्रशासन द्वारा व्यापक प्रबंध किए गए हैं। इस दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और उनकी मूलभूत सुविधाओं का भी ध्यान रखा जा रहा है। शोभायात्राएं निकाल कर श्रद्धालु अपने आराध्य को विसर्जन स्थल तक ले जा रहे हैं। ढोल नगाड़ों की थाप के बीच देवा श्री*

*गणेशा देवा श्री गणेशा के उद्‌घोष से पूरा वातावरण गूंजायमान है। मुमताज अली, आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।*

फर्रुखाबाद में गणेश चतुर्थी के आखिरी दिन आज मूर्ति विसर्जन शोभा यात्रा में बड़ी तादात में लोग शामिल हुए।

—————————

प्रदेश में लगातार बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण मथुरा, आगरा, गौतमबुद्धनगर, मुजफ्फरनगर, लखीमपुर खीरी, उन्नाव और शाहजहांपुर समेत 27 जिले बाढ़ से प्रभावित है। वहीं गंगा, यमुना, रामगंगा, घाघरा और शारदा नदियां कई स्थानों पर उफान पर हैं। नदियों का जलस्तर बढ़ने से रिहाशी इलाकों में जनजीवन अस्त व्यस्त है। शाजहांपुर में रामगंगा नदी का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया है। गौतमबुद्धनगर में यमुना नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। मथुरा में यमुना का जलस्तर बढ़ने से कई क्षेत्र जलमग्न हो गये हैं।

एक रिपोर्ट.........

*मथुरा में यमुना का जलस्तर लगातार बढ़ता जा रहा है। निचले इलाके पूरी तरह से जलमग्न हो गए हैं। विश्राम घाट के पास दाऊजी घाट रोड, पंचमुखी हनुमान मंदिर घाट और रामघाट क्षेत्र में सड़कों तक पानी पहुंच चुका है।बाढ़ को देखते हुए प्रशासन लगातार निगरानी कर रहा है। बाढ़ चौकियों को अलर्ट कर दिया गया है।*

*मुहम्मद उमर कुरैशी, आकाशवाणी समाचार, मथुरा*

राज्य के बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत कार्य और खाद्य सामग्री का वितरण बड़े पैमाने पर जारी है।

——————————

उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा कराई जा रही यूपी टी–20 लीग का फाइनल मैच आज लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेला जा रहा है। यह मुकाबला मेरठ मेवरिक्स और पूर्व चैम्पियन काशी रूद्रास के बीच हो रहा है। मेरठ मेवरिक्स ने टॉस जीत कर पहले बैटिंग करने का फैसला लिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने टॉस कराने के बाद दोनों टीम के कप्तानों को शुभकामनाएं दी और टॉफी का अनावरण किया।

(समाप्त)